Polisc
B.A. Part Ist, Paper Ist

राजनीतिक दल और हित समूह या दबाव समूह में अन्तर

राजनीतिक दल और दबाव समूह में निम्नलिखित अंतर है।

(i) राजनीतिक दल पूरे राष्ट्र के हितों की चिंता करते है। हितसमूहों का उद्देश्य सीमित होता है। अतः वे प्रायः विशेष समूह की देखरेख करना अपना ध्येय बनाते हैं।

(ii) राजनीतिक दलों अपना सिद्धान्त, नीतियों और कार्यक्रम होता है जिसकी सहायता से वे समुदाय के महत्वपूर्ण समस्याओं को सुलझाना चाहते हैं। दबाव समूह अपने सदस्यों के विशिष्ट हितों की रक्षा के लिए कुछ परिवर्तन मात्र करना चाहता है।

(iii) राजनीतिक दल अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए शासन के पदों पर पहुँचना चाहते हैं, परन्तु हित समूह ऐसा प्रयत्न नहीं करते है। यदि कोई हित समूह यदि यह निर्णय लेता है कि उसके सदस्य चुनाव लड़कर शासन के पदों पर पहुँचना चाहते हैं, तो फिर उसका मूल स्वरूप हित समूह नहीं रहता है। बल्कि वह राजनीतिक दल का रूप धारण कर लेता है।

विकासित देशों में दबाव समूह या हित समूह राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर्थर बेंटले ने 1908ई० में अपनी कृति द प्रोसेस आफ गवर्नमेंट (The Process of Government) में पहला व्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत किया था। भारत में दबाव समूह सीमित स्तर पर कार्य करते है। भारत में निहित स्वार्थों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूह बहुत हैं लेकिन जनसाधारण के हितों की देखरेख करने वाले समूह बहुत कम है। उदाहरण के लिए वाणिज्य-व्यापार से सम्बद्ध समूह वाणिज्य मंडल अधिक सक्रिय है परन्तु उपभोक्ताओं के हित समूह नहीं के बराबर हैं। औद्योगिक क्षेत्र में मालिकों और मजदूरों दोनों के संघ पर्याप्त सक्रिय है। यही कारण है कि हमारे देश का श्रम कानून इतना उन्नत है।

Scanned with CamScanner

लोकतंत्र का उद्देश्य जन-अभिलाषाओं की पूर्ति करना है। परन्तु, जनसाधारण अपने सामान्य हितों के प्रति उतना सजग नहीं होता जितना सजग अपने निहित स्वार्थ के प्रति होता है। विकासशील देशों में तो व्यापक निर्धनता के कारण जनसाधारण के हितों की देखरेख करने वाले संगठन और भी मुश्किल से बन पाते हैं नतीजा यह होता है कि प्रभावशाली वर्ग अपने स्वार्थों को बढ़ावा देने के लिए हित समूह का प्रयोग करते हैं, परंतु सामान्य हित की उपेक्षा होती है। अतः किसी देश में लोकतंत्र की सुदृढ़ता को परखने के लिए यह देखना भी जरूरी है कि वहाँ किन-किन हितों का प्रतीनीधित्व करने वाले हित समूह सक्रिय हैं।

Scanned with CamScanner